Pib.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय
गृह मंत्रालय

*****

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 82वें स्थापना दिवस पर बल के जवानों व उनके परिजनो को शुभकामनाएं दी

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा "सीआरपीएफ पराक्रम, साहस और बलिदान का पर्याय है, सीआरपीएफ ने समय-समय पर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है"

"कोविड-19 के दौरान समाज सेवा के प्रति उनकी कटिबद्धता अद्वितीय है, मैं करोड़ों भारतवासियों के साथ मिलकर सीआरपीएफ के बहादुर जवानों और उनके परिजनो को 82वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देता हूँ"- श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 27.07.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 82वें स्थापना दिवस पर बल के जवानों व उनके परिजनो को शुभकामनाएं दी। अपने ट्वीट संदेश में श्री अमित शाह ने कहा कि "सीआरपीएफ पराक्रम, साहस और बलिदान का पर्याय है। सीआरपीएफ ने समय-समय पर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है"। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि "कोविड -19 के दौरान समाज सेवा के प्रति उनकी कटिबद्धता अद्वितीय है। मैं करोड़ों भारतवासियों के साथ मिलकर सीआरपीएफ के बहादुर जवानों और उनके परिजनो को 82वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देता हूँ"।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। 28 दिसम्बर 1949 को सीआरपीएफ अधिनियम लागू होने के बाद यह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल बन गया। सीआरपीएफ ने आज अपने गौरवशाली इतिहास के 82 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

https://twitter.com/AmitShah/status/1287586957401366528?s=20

*****

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी